RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



इंतजार पूरा हुआ, द्रवित हुई सरकार।
खातों में अब आ रहे, जल्दी एक हजार।
जल्दी एक हजार, आ रही एक जुलाई।
खातों में आ रहा, खटाखट पैसा भाई।
कह साहिल कविराय, काम ना बचा अधूरा।
इंतजार अब हुआ, हर इक महिला का पूरा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 147 | SUNDAY 07-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# रेहड़ी-फड़ी से अवैध वसूली विवाद ने पकड़ा तूल, निगम और जांच एजेंसियों में हड़कंप, विजिलेंस जांच में हो सकते हैं बड़े खुलासे

## निगम द्वारा रेहड़ी-फड़ी की आड में करीब आठ करोड़ का गबन करने का मामला

लुधियाना/यूटर्न/6 जून। लुधियाना में रेहड़ी फड़ी वालों से करीब आठ करोड़ रुपए की अवैध वसूली करने की चचाओं ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। यह मामला लगातार विवादों में घिरता जा रहा है। हर महीने इतनी बड़ी रकम का हेरफेर होने का पता चलने के बाद लोकल बॉडी विभाग, नगर निगम और जांच एजेंसियों के उच्च अधिकारियों में हड़कंप का माहौल है। अधिकारी भी हैरान हैं कि आखिर सरेआम इतना बड़ा झोल किया जा रहा था, लेकिन किसी को पता तक नहीं चल सका। हालांकि इस करोड़ों के हेरफेर में लुधियाना निगम के कई अधिकारी व हाउस लीडरों की भी मिलीभगत है। इसी के चलते हर महीने सरकारी खजाने में 10 से 15 लाख जमा होता है, जबकि 50 से 70 हजार रेहड़ियों से की जा रही करीब आठ करोड़ की वसूली की आपसी बंदरबांट हो रही हैं। वहीं शहरवासियों का कहना है कि मामले में विजिलेंस जांच होनी चाहिए, जिसमें बड़े खुलासे और कई बड़े चेहरों से पर्दे उठेगें।



फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर सजी दुकानें



डीसी ऑफिस के बाहर फुटपाथ पर अवैध कब्जे

### मेयर और कमिश्नर भी नहीं दे रहे ध्यान

वहीं निगम के दो प्रमुख पद है, दोनों पर ही महिलाएं मौजूद हैं। जिसमें शहर की मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल शामिल हैं। मेयर और कमिश्नर द्वारा करप्शन पर लगाम लगाने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन हर महीने सरकारी खजाने को लग रहे करोड़ों रुपए के चूने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। यहां तक कि निगम जोन-ए, बी और सी के बाहर लग रही रेहड़ियों तक को अधिकारी हटवा नहीं सके। वहीं चर्चा तो यह भी है कि इस पूरे खेल में एक बड़ा हिस्सा उच्च अधिकारियों तक भी पहुंचता है।

### लोधी क्लब रोड पर पार्क की जमीन पर कब्जा

लोधी क्लब रोड पर तो नगर निगम ने नियमों की सारी हदें ही पार कर डाली है। पॉश इलाके माने जाते इस एरिया को अफसरों ने मंडी बनाकर रख दिया है। रोड पर एक पार्क की जगह पर पहले अवैध कब्जा करवाया गया और फिर शैड लगवा दिए गए। जिसके नीचे आधा दर्जन से ज्यादा रेहड़ियां खड़ी होती हैं। चर्चा है कि इन रेहड़ी वालों से हर महीने निगम का एक मुलाजिम वसूली करने जाता है। वहीं कुछ साल पहले एक नेता ने इस सड़क को कब्जा मुक्त के आदेश दिए थे। फिर 3 साल तक सड़क पर कोई रेहड़ी नहीं लगी। मगर अब भरमार है।

### निगम मुलाजिम खुद बताते हैं रेहड़ी लगाने का स्थान

चर्चा है कि इस घोटाले में शामिल कुछ निगम मुलाजिमों द्वारा अगर अवैध वसूली की जाती है तो उसका पूरा मूल्य भी उतारा जाता है। अवैध वसूली करने के बाद निगम मुलाजिम लोगों को खुद बताते हैं कि कहा जगह खाली है और कहा रेहड़ियां लगाई जाए। अब अगर बाढ़ ही खेत को खाए, तो अनाज की रक्षा कौन करेगा।

### हर रेहड़ी पर टैग लगाने से रुकेगी अवैध वसूली

वहीं चर्चा है कि निगम को एक प्राइवेट जांच एजेंसी को हायर करना चाहिए। जिसके चलते उक्त एजेंसी द्वारा पर्ची कटवाने वाली हर रेहड़ी पर टैग लगाया जाएगा। इससे लीगल व इललीगल रेहड़ियों की पहचान भी आसानी से होगी। वहीं हर रेहड़ी से वसूल की फीस सरकारी खजाने में भी जमा हो सकेगी। जिन रेहड़ियों पर टैग नहीं होगा, उन्हें निगम कब्जे में ले। ऐसे करके ही इस अवैध वसूली को रोका जा सकता है।

### तहबाजारी की टीमों से निगम को लेना चाहिए दूसरा काम

वहीं शहर में चर्चा है कि इन अवैध कब्जों को हटवाने की मुख्य जिम्मेदारी तहबाजारी टीमों की होती है। लेकिन यह टीमें काम नहीं करती। यहां तक कि चर्चा है कि इन टीमों में मौजूद कई मुलाजिम खुद रेहड़ियां लगवाते हैं। जिसके चलते चर्चा है कि निगम को तहबाजारी टीमों के मुलाजिमों से कोई दूसरा काम लेना चाहिए, ताकि उन्हें दी जा रही सैलरी व्यर्थ न जाए।

### फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर कब्जे

बात करें फिरोजगांधी मार्केट की तो वहां फुटपाथ पर सरेआम कब्जे किए हुए हैं। हालात यह है कि फुटपाथ पर रेहड़ी फड़ी खड़ी करके एक व्यक्ति द्वारा रोजाना 10 से 15 हजार रुपए की वसूली की जाती है। चर्चा है कि मार्केट में तहबाजारी टीम आती जरुर है, लेकिन 1-2 छोटी रेहड़ी फड़ी वालों को उठाकर खानापूर्ति करती है। जबकि दूसरे दिन फिर रेहड़ियां लग जाती है।

### इन स्थानों पर भी अवैध कब्जे

बता दें कि हंबड़ा रोड पर लॉर्ड महावीरा होम्यूपैथिक कॉलेज के आगे रेहड़ियां लगती है। जहां रेहड़ियों पर लगे स्पीकरों की आवाज इतनी तेज है कि पास में मौजूद होस्टल के बच्चे पढ़ भी नहीं पाते। वहीं प्रताप बाजार से दरेसी जाने वाली सड़क पर दमन सिल्क साड़ी के पास रेहड़ियों की भरमार है। निगम जोन-ए से गिरजा घर चौक और मीना बाजार, घंटा घर चौक, ढोलेवाल सरकारी स्कूल के पास, गिल चौक, फिल्डगंज, चंडीगढ़ रोड, जालंधर बाइपास के नजदीक, गांधी नगर मार्केट, ताजपुर रोड पर सेंट्रल जेल के पास, शेरपुर, भगत सिंह कॉलोनी, ग्यासपुरा मेन रोड पर सबसे ज्यादा रेहड़ियां लगती है।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रशासन का 'ढोंग'

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/जून। एक तरफ विश्व पर्यावरण दिवस के नाम पर अधिकारी और नेता पौधे लगाकर फोटो खिंचवाने में व्यस्त रहे, तो दूसरी ओर शहर की जमीनी हकीकत इन खोखले दावों का मुंह चिढ़ा रही थी। जगरांव के डिस्पोजल रोड और रायकोट रोड पर बने कचरों के विशाल पहाड़ प्रशासन की विफलता और संवेदनहीनता के सबसे बड़े 'स्मार्क' बन चुके हैं। यह पर्यावरण दिवस नहीं, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य के साथ किया गया एक क्रूर मजाक है। नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि जो अधिकारी शहर की सफाई के जिम्मेदार हैं, वे अपने ही कार्यालय के पीछे लगे कचरे के ढेरों को नजरअंदाज कर पर्यावरण संरक्षण का ढोंग रच रहे हैं।

# जंतर-मंतर पर कॉकरोच क्रांति, प्रधान की कुर्सी पर मंडराया 'कीटनाशक' संकट



## AAP और सोनम वांगचुक ने भी समर्थन दिया

















चंडीगढ़/यूटर्न/23 मई। शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के बैनर तले सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए। उन्होंने परीक्षाओं और भर्ती टेस्ट में कथित गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके ने लोगों को 'डरने' नहीं का संदेश दिया।

दिपके शनिवार सुबह अमेरिका से दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पुलिस से इजाजत मिलने के बाद वे जंतर-मंतर पहुंचे, जहां सुबह से ही भीड़ जमा हो रही थी। प्रदर्शनकारियों के हाथों में प्रधान के इस्तीफे की मांग वाले पोस्टर थे और उन्होंने कॉकरोच के मास्क पहने हुए थे।

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के अलावा, प्रदर्शनकारियों ने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (BJP) से हिंदू-मुस्लिम राजनीति बंद करने की मांग करते हुए नारे लगाए और ₹भारत माता की जय₹ के नारों के साथ मातृभूमि का जयकारा किया।

दिपके ने उन्हें निर्देश दिया कि वे सांप्रदायिक राजनीति का विरोध करते हुए केवल देश, महात्मा गांधी और बी.आर. अंबेडकर के सम्मान में नारे लगाएं। बाद में क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी उनके साथ शामिल हुईं।

CPI(ML) लिबरेशन के जनरल सेक्रेटरी दीपांकर भट्टाचार्य, उढककी एनी राजा और वामपंथी छात्र व युवा संगठनों के एक्टिविस्ट भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए दिपके ने केंद्र सरकार की आलोचना की कि वे उनकी मांगों को पूरा करने के बजाय उनके ग्रुप की सोशल मीडिया गतिविधियों पर रोक लगा रहे हैं।

CJP के फाउंडर ने कहा कि उनके अमेरिका जाने के समय की तुलना में उनके लौटने पर उनकी मां ज्यादा रोईं, क्योंकि उन्हें डर था कि भारत लौटने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, यह सिर्फ.मेरी मां का डर नहीं है, यह राजनीति पर बात करने वाले किसी भी युवा के माता-पिता का डर है... हम कब तक डर में जिएंगे? उन्हें बता दो, हम डरते नहीं हैं।




दिन में अमेरिका से भारत लौटने का ज़िक्र करते हुए दिपके ने कहा कि दिल्ली में उनकी फ्लाइट लैंड होने से ठीक पहले, उन्हें ऐसा लगा जैसे वे आजादी के अपने आखिरी पल जी रहे हों। उन्होंने कहा, ₹मैं इस मकसद के लिए अपनी आजादी कुर्बान करने के लिए पूरी तरह तैयार था। सांप्रदायिक राजनीति की आलोचना करते हुए दिपके ने पूछा, ₹पिछले 10-12 सालों से ये लोग हमें हिंदू-मुस्लिम की राजनीति में उलझाए हुए हैं... इससे किसे फायदा हुआ? क्या देश में किसी को हिंदू-मुस्लिम राजनीति से नौकरी मिली? क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक और AAP ने इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है और कहा है कि अगर दिपके को गिरफ़्तार किया जाता है, तो वे छह हफ़्ते का उपवास रखेंगे।



पेज 06 श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का...




# CBI का बड़ा एक्शन: रिश्वत लेते पकड़े गए चंडीगढ़ पुलिस के ASI हितेश गिरफ्तार

## सेक्टर-39 थाने में तैनात एएसआई पर 50 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप, CBI ने ट्रैप लगाकर दबोचा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। चंडीगढ़ पुलिस के लिए शर्मिंदगी का कारण बनी एक बड़ी कार्रवाई में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने सेक्टर-39 थाना में तैनात एएसआई हितेश को कथित रूप से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। सीबीआई की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, एएसआई हितेश पर एक मामले में मदद करने और अनुकूल कार्रवाई के बदले रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की और योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी पुलिसकर्मी को कथित रूप से रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया।



### पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

एक पुलिस अधिकारी की रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तारी के बाद चंडीगढ़ पुलिस महकमे में चचाओं का दौर शुरू हो गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### CBI ने बिछाया ट्रैप, रंगे हाथों गिरफ्तारी

सूत्रों के मुताबिक, शिकायतकर्ता की सूचना के आधार पर सीबीआई टीम ने पूरी रणनीति के साथ जाल बिछाया। जैसे ही रिश्वत की रकम का लेन-देन हुआ, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एएसआई हितेश को हिरासत में ले लिया। मौके से कथित रिश्वत की राशि और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं।

### दस्तावेज कब्जे में, जांच जारी

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई अधिकारियों ने आरोपी से जुड़े दस्तावेज और रिकॉर्ड अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। एजेंसी यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति या अधिकारी भी शामिल था या नहीं।

### मुख्य बिंदु

सेक्टर-39 थाना में तैनात अरकहितेश गिरफ्तार
50,000 रुपये रिश्वत लेने का आरोप
शिकायत के बाद उड़कने बिछाया ट्रैप
कथित रूप से रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपी
दस्तावेज और साक्ष्य कब्जे में लेकर जांच जारी
अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है उड़क
फिलहाल मामले में सीबीआई की ओर से विस्तृत आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

# श्री दंडी स्वामी मंदिर में फ्री आंखो व मेडिकल चेकअप कैंप आज




लुधियाना/यूटर्न/6 जून। लुधियाना के सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम के कृपा,आशीर्वाद और शुभ इच्छा से पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में फ्री आंखो व मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प. राज कुमार शर्मा ने कहा कि 7 जून दिन रविवार को फ्री आखों व मेडिकल चेकअप कैंप सुबह 9 बजे से 2 बजे तक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें माहिर डॉक्टरों द्वारा चेकअप किया जाएगा।माहिर डॉक्टरों में डॉ. रमेश, डॉ संदीप शर्मा, डॉ सुरिंदर गुप्ता द्वारा चेकअप किया जाएगा। इस दौरान फ्री आंखो का चेकअप, फ्री शुगर बीपी टेस्ट और फ्री दवाइयां भी दी जाएगी। इसके साथ लीवर का फ्री फाइब्रॉस्कन टेस्ट किया जायेगा। इसके साथ जिनका ऑपरेशन होगा उनके फ्री ऑपरेशन होगे। इसके साथ फ्री चश्मे भी दिए जाएंगे।जो भक्त इलाज करवाना चाहते है वो जरूर करवाए।

# साइकिल उद्योग को मिलेगा नया बल, उद्योग मंत्री अमन अरोड़ा ने दिए त्वरित समाधान के संकेत

लुधियाना/यूटर्न/06 जून। पंजाब के साइकिल उद्योग को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एवन साइकिल्स के सीएमडी पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा और यूनाइटेड साइकिल एंड पार्ट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (यूसीपीएमए) के अध्यक्ष हरसिमरजीत सिंह लक्की ने पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अमन अरोड़ा से मुलाकात की। बैठक में साइकिल उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों और उद्योग के भविष्य के विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने लुधियाना स्थित साइकिल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर मंत्री ने केंद्र को उन्नत बनाने का आश्वासन दिया, जिससे उद्योग को इनोवेशन , गुणवत्ता सुधार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी। इसके अलावा लुधियाना में



लंबे समय से चली आ रही गैस आपूर्ति की समस्या भी बैठक का प्रमुख मुद्दा रही। उद्योग मंत्री ने इस संबंध में मौके पर ही संबंधित उच्च अधिकारियों से बातचीत की और शहर में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन नेटवर्क बिछाने की प्रक्रिया को तेज करने का भरोसा दिलाया। उद्योग जगत का मानना है कि इससे उत्पादन लागत कम होगी और उद्योगों को स्थायी ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। बैठक में उद्योग से जुड़े अन्य लंबित मामलों पर भी चर्चा हुई। मंत्री अमन अरोड़ा ने सभी लंबित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाने और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उद्योग प्रतिनिधियों ने इस सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के सहयोग से पंजाब का साइकिल उद्योग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत होगा।

यूसीपीएमए ने उद्योग मंत्री का समय देने और उद्योग हितों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# गर्मियों की छुट्टियां: रचनात्मकता और सेहत के साथ सीखें नई ऊंचाइयां- प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/जून। सनमती विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि छुट्टियां केवल आराम का समय नहीं हैं, बल्कि यह अपने ज्ञान और कौशल को निखारने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे दिनचर्या को अनुशासित रखें और पठन-पाठन तथा सृजनात्मक गतिविधियों के लिए समय अवश्य निकालें।

मैडम खुराना ने विशेष रूप से डिजिटल डिटॉक्स पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थी मोबाइल, टीवी और सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करें। इसके स्थान पर वे खेलों, योग, शारीरिक व्यायाम और अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय



बिताने को प्राथमिकता दें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

प्रिंसिपल ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आग्रह करते हुए विद्यार्थियों को संतुलित और पौष्टिक आहार लेने तथा पर्याप्त जल का सेवन करने की सलाह दी। साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने को कहा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और उनमें अच्छे संस्कार विकसित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। अंत में, उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित और ज्ञानवर्धक छुट्टियों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नए उत्साह और ऊंचे लक्ष्यों के साथ आगामी सत्र में विद्यालय लौटें।

# रामगढ़ से पुराना पंचकूला तक पीछा कर पुलिस ने पकड़ी ब्लैक फिल्म लगी स्कॉर्पियो, 10,500 रुपये का चालान





पंचकूला/यूटर्न/06 जून। पंचकूला पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्लैक फिल्म लगी एक स्कॉर्पियो को पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन चालक का 10,500 रुपये का चालान किया और मौके पर ही वाहन से प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म उतरवा दी। जानकारी के अनुसार, सिटी ट्रैफिक थाना प्रभारी (एसएचओ) वरिंद्र कुमार को रामगढ़ क्षेत्र के पास एक स्कॉर्पियो संदिग्ध अवस्था में दौड़ती हुई दिखाई दी, जिसके शीशों पर प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म लगी हुई थी।

पुलिस ने चालक को वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय वाहन की गति बढ़ा दी और वहां से निकलने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस टीम ने वाहन का पीछा किया और पुराना पंचकूला क्षेत्र के पास उसे रोकने में सफलता हासिल की। जांच के दौरान वाहन पर ब्लैक फिल्म लगी पाए जाने और पुलिस के निदेर्शों की अवहेलना करने पर चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 10,500 रुपये का चालान काटा तथा वाहन के शीशों पर लगी ब्लैक फिल्म मौके पर ही हटवा दी।

इस संबंध में डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से नियमों का पालन करने और प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म का उपयोग न करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा नियमित रूप से विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं तथा नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पिंजौर व्यापारी हत्याकांड के बाद पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, थाना प्रभारी निलंबित

अजीत झा




पंचकूला/यूटर्न/06 जून। पिंजौर में हाल ही में सामने आए व्यापारी हत्याकांड के बाद पंचकूला पुलिस ने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त कदम उठाते हुए बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने थाना पिंजौर के प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही थाना पिंजौर में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों का भी तबादला किया गया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कथित लापरवाही के मद्देनजर की गई है। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों और पुलिस चौकियों में भी व्यापक स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की नई तैनाती की गई है। पुलिस विभाग का कहना है कि इस फेरबदल का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह तथा सक्रिय बनाना है। विभिन्न इकाइयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपकर पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था विकसित करना है जिससे अपराधों की रोकथाम हो और लोगों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हो। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिले में यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में कानून-व्यवस्था की स्थिति की लगातार समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी प्रशासनिक कदम उठाए जा सकते हैं।

# कैप्टन भाजपा से नाराजगी के बीच केंद्रीय मंत्री शाह-नड्डा से मिले, जाहिर की समस्याएं



पंजाब/यूटर्न/6 जून। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात है। इसके साथ वह केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से भी मिले। इस दौरान उन्होंने पार्टी में सुनवाई न होने की बात कही। कैप्टन अमरिंदर पंजाब में केवल सिंह ढिल्लों को बीजेपी का नया प्रधान बनाने से नाराज हैं। इसके साथ उनके कांग्रेस में जाने की अटकलें भी शुरू हो गई थीं। हाल ही में हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा था कि कैप्टन अमरिंदर सिंह हमारे टच में हैं। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं और हमारे वरिष्ठ साथी हैं। कैप्टन और हुड्डा अच्छे दोस्त हैं। इस वजह से कयास लगाए गए कि कहीं हुड्डा कैप्टन की कांग्रेस में वापसी की कोशिश तो नहीं कर रहे। कैप्टन के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा इसलिए तेज हुई कि वह लगातार कांग्रेस की तारीफ कर रहे हैं।

## प्रधानगी देते हुए नहीं की बातचीत

कैप्टन ने केवल ढिल्लों को पंजाब भाजपा का नया प्रधान बनाने का विरोध किया था। कैप्टन ने कहा था कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब ढिल्लों सक्रिय जरूर थे, लेकिन जमीन पर उनका प्रदर्शन वैसा नहीं रहा, जैसा होना चाहिए था। इस मामले में भाजपा ने मुझसे कोई राय नहीं ली। कांग्रेस और भाजपा की कार्य नीति की तुलना करते हुए कैप्टन ने कहा कि मैं कांग्रेस में तीन बार अध्यक्ष रहा और वहां हमेशा मुझसे सलाह ली जाती थी। यहां बस फैसला ऊपर से आता है, किसी से पूछा नहीं जाता।

# नंबर प्लेट पर टेप लगाकर घूम रहा बाइक चालक पकड़ा, 32,500 रुपये का चालान; वाहन इंपाउंड



पंचकूला/यूटर्न/06 जून। पंचकूला-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक पुलिस ने नंबर प्लेट पर सफेद टेप लगाकर वाहन की पहचान छिपाने की कोशिश कर रहे एक बाइक चालक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चालक का 32,500 रुपये का चालान काटने के साथ बाइक को इंपाउंड कर लिया। जानकारी के अनुसार सुरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक के नेतृत्व में पुलिस टीम अमरावती क्षेत्र के पास नियमित वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस कर्मियों की नजर एक संदिग्ध बाइक पर पड़ी, जिसकी नंबर प्लेट पर सफेद टेप लगाकर नंबर को छुपाया गया था। संदेह होने पर पुलिस ने वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की।

जांच के दौरान पता चला कि चालक के पास वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी मौजूद नहीं थे। नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ और दस्तावेजों की कमी को गंभीर यातायात उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने मौके पर ही 32,500 रुपये का चालान जारी किया और बाइक को इंपाउंड कर लिया। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर लगातार नजर रख रही है जो नंबर प्लेट छिपाकर या उसमें बदलाव कर कानून से बचने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन हैं, बल्कि किसी अपराध या दुर्घटना की स्थिति में वाहन की पहचान में भी बाधा उत्पन्न करती हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने सभी दस्तावेज पूरे रखें, नंबर प्लेट के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें और यातायात नियमों का पालन करें। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ विशेष अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा की ज्योति: 'कर भला हो भला' संस्था ने मेधावी छात्र के भविष्य को संवारा



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/जून। शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं है, और इसे चरितार्थ किया है जगरूप की सामाजिक संस्था 'कर भला हो भला' ने। अपनी मानवीय परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, संस्था ने कक्षा नौवीं के एक अत्यंत प्रतिभाशाली किंतु आर्थिक रूप से कमजोर छात्र की पूरे साल की स्कूल फीस का जिम्मा उठाया है। यह छात्र अपने नाना-नानी के साथ रहकर पढ़ाई कर रहा है। संसाधनों के अभाव में उसकी पढ़ाई बीच में ही छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन संस्था की मदद से अब वह बिना किसी चिंता के अपना भविष्य संवार सकेगा। संस्था के चेयरमैन रोहित अरोड़ा और अध्यक्ष विशाल शर्मा ने कहा कि ऐसे मेधावी बच्चे देश की असली संपत्ति हैं। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा केवल धन की कमी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। संस्था ने अन्य सक्षम लोगों से भी अपील की है कि वे आगे आएं और ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें। इस नेक कार्य के दौरान सुनील बजाज, नीरज कटारिया, ननेश गांधी सहित संस्था के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।


पेज 12 अमेरिका के सिखों ने संगरूर के रुपाहेड़ी गांव में...

# पर्यावरण सप्ताह के तहत पार्षदों ने किया ठोस कचरा प्रबंधन इकाइयों का दौरा







चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा शहर में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पार्षदों के लिए विभिन्न कचरा प्रबंधन इकाइयों का एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। यह दौरा संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह की देखरेख में कराया गया। दौरे का उद्देश्य पार्षदों को शहर की कचरा प्रबंधन व्यवस्था से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना तथा ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी देना था। इस दौरान पार्षदों ने शहर के डंपिंग ग्राउंड, कचरा प्रसंस्करण संयंत्र और मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दौरे का विशेष आकर्षण पिंक मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (पिंक एमआरएफ) में कार्यरत महिला कर्मचारियों के साथ संवाद रहा। पार्षदों ने महिला कर्मचारियों के समर्पण और स्वच्छता अभियान में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर महिलाओं को कचरा पृथक्करण, संसाधन पुनर्प्राप्ति और पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया गया। संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह ने कहा कि ऐसे एक्सपोजर विजिट जनप्रतिनिधियों की जागरूकता बढ़ाने, उनकी क्षमता विकसित करने और बेहतर निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सतत और प्रभावी कचरा प्रबंधन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नगर निगम ने पर्यावरण सप्ताह के दौरान नागरिकों से भी अपील की कि वे घरों से ही कचरे का पृथक्करण करें, पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनाएं और स्वच्छ, सुंदर एवं टिकाऊ ह्यसिटी ब्यूटीफुलह्व के निर्माण में अपना योगदान दें।

# सेक्टर-15ए में सड़क पर खोदे गए गड्ढों से लोग परेशान, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग



चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। सेक्टर-15ए (वार्ड-12) में सड़क पर खोदे गए गहरे गड्ढों को लेकर स्थानीय निवासियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। आम आदमी पार्टी के नेता संदीप दहिया ने क्षेत्र का दौरा करने के बाद प्रशासन और नगर निगम पर गंभीर सवाल उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। संदीप दहिया ने कहा कि सेक्टर-15ए के मकान नंबर 300 से 310 के सामने करीब छह फीट गहरे गड्ढे खोदे गए हैं, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं, जबकि वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई बुजुर्ग समय पर चिकित्सा सुविधाएं लेने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि इन गड्ढों के कारण क्षेत्र में यातायात जाम, पार्किंग की समस्या, कार्यालयों में देरी से पहुंचना और स्थानीय व्यापार प्रभावित होने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। दहिया का आरोप है कि वार्ड-12 (सेक्टर-15, 16, 17 और 24) में किसी भी परियोजना को शुरू करने से पहले नगर निगम न तो रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) से सलाह लेता है और न ही स्थानीय निवासियों की राय को महत्व देता है। दहिया ने बताया कि पहले सीवरेज चैंबर सर्विस लेन में स्थित थे, जिससे मरम्मत कार्य के दौरान लोगों को परेशानी नहीं होती थी। लेकिन अब चैंबर सड़क पर बनाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में बड़े हादसों की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सड़क पर बने ये गड्ढे वाहनों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की जान के लिए भी खतरा बन सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि वार्ड-12 के सेक्टर-24 में भी इसी तरह के गड्ढे मौजूद हैं, जिनमें से कुछ सड़क किनारे लगी टाइलों के नीचे दब गए हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। साथ ही, कार्य पूरा होने के बाद गड्ढों की भराई भी मानकों के अनुरूप नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए दहिया ने कहा कि जब ये चैंबर घरों के पीछे सर्विस लेन में थे, तब लोगों को कोई परेशानी नहीं थी। अब उन्हें दयनीय परिस्थितियों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम संपत्ति कर, पानी, बिजली और कचरा प्रबंधन शुल्क में देरी होने पर भारी जुर्माना लगाता है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। संदीप दहिया ने चंडीगढ़ के प्रशासक और नगर आयुक्त से मांग की है कि मामले की जांच कर सेक्टर-15ए के निवासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि भविष्य में किसी भी परियोजना को शुरू करने से पहले संबंधित क्षेत्र के निवासियों और आरडब्ल्यूए को विश्वास में लिया जाए तथा कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

## आईटी पार्क क्षेत्र से 354 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार, पहले भी कई मामलों में रहा शामिल

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। शहर में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 354 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (क्राइम) मनजीत श्योराण के निर्देशन, डीएसपी (क्राइम) लक्ष्य पांडेय के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र पाटियाल की निगरानी में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार 5 जून को क्राइम थाना के सब-इंस्पेक्टर दिलावर सिंह अपनी टीम के साथ यूटी क्षेत्र में गश्त पर थे। दोपहर करीब 3:20 बजे पुलिस टीम ने आईटी पार्क स्थित एयरटेल कार्यालय के पीछे कच्चे रास्ते पर बिजली के खंभा नंबर-77 के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 354 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी के पास मादक पदार्थ रखने का कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 39 वर्षीय धनवीर सिंह नेगी पुत्र महावीर सिंह नेगी निवासी न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी मनीमाजरा मोटर मार्केट में कार डेंटिंग और पेंटिंग का काम करता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2011 से 2018 के बीच मनीमाजरा और आईटी पार्क थानों में जुआ अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2022 में हरियाणा के अंबाला जिले के बलदेव नगर थाने में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हो चुका है।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर शिवसेना हिन्दुस्तान ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के अवसर पर शिवसेना हिन्दुस्तान, चंडीगढ़ इकाई द्वारा सेक्टर-20 स्थित गोगाजी माड़ी हनुमान मंदिर में हवन और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कर देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस संबंध में शिवसेना हिन्दुस्तान के पंजाब राज्य सचिव एवं चंडीगढ़ प्रदेश प्रमुख अजय सिंह चौहान ने बताया कि 6 जून 1984 को हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान तथा आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में शहीद हुए भारतीय सेना, पंजाब पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के जवानों एवं अधिकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता और शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शहीदों के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर हवन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में शिवसेना हिन्दुस्तान चंडीगढ़ के प्रदेश उपप्रमुख डॉ. राज कुमार वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री मुरारी पाल, युवा उपप्रमुख अमित अटवाल, हिन्दुस्तान मजदूर सेना चंडीगढ़ के प्रदेश प्रमुख किशन चौहान सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोर्ट ने संदीप कौरा की बेल एप्लीकेशन खारिज की

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 जून। NSDC करप्शन स्कैम में फंड के गलत इस्तेमाल को लेकर लैमरीन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब के मैनेजमेंट की तरफ से की गई शिकायत के मुताबिक, नवांशहर डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने संदीप सिंह कौरा के खिलाफ IPC की धारा 316(4),318(4) के तहत केस दर्ज किया था। जिसमें गरीब और दबे-कुचले बच्चों की पढ़ाई से जुड़े NSDC फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। शिकायत करने वाले के वकील करनेश केहर ने बताया कि इस बारे में संदीप कौरा ने डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज, नवांशहर की कोर्ट में एंटीसिपेटरी बेल के लिए अप्लाई किया था, लेकिन NSDC की गंभीरता और आरोपों को देखते हुए कोर्ट ने यह बेल एप्लीकेशन खारिज कर दी है।





## श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। रविंद्रा एन्क्लेव स्थित श्री चैतन्य राधा माधव मठ मंदिर में मठ के संस्थापक त्रिदंडी स्वामी श्री सज्जन महाराज जी के सानिध्य में 29 मई से 6 जून तक आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में समापन हुआ। कथा का वाचन पूज्यपाद श्री भक्ति विलास त्रिदंडी महाराज जी, देहरादून द्वारा किया गया। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान नाम संकीर्तन में भाव-विभोर होकर शामिल हुए। नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत के उपदेशों का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान सेक्टर-20 चंडीगढ़ से आए बलराम प्रभु ने प्रतिदिन भजन-संकीर्तन प्रस्तुत किया। अंतिम दिन श्री राधा नाम संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। मधुर भजनों पर भक्त झूमते और नृत्य करते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मठ में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी भी आयोजित की गई। कथा आयोजन को सफल बनाने में मठ भक्त प्रकाश, विजय कश्यप, भावना, चंदन, कुलदीप, मधु माता, उमेश माता, प्रिया, निधि गुप्ता, रंजना जैन और बंसल परिवार सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहयोग दिया। मठ के महासचिव प्रदीप शुक्ला ने सभी श्रद्धालुओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि मठ में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में धार्मिक चेतना और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रसार किया जाता है।



## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### आज की युवा पीढ़ी की मानसिकता ऐसी कि प्यार की हार भी नहीं स्वीकार।

आज की युवा पीढ़ी तकनीक, आधुनिकता और स्वतंत्र सोच के दौर में जी रही है, लेकिन इसके साथ-साथ मानसिक अस्थिरता, असहिष्णुता और क्रोध जैसी समस्याएँ भी बढ़ती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में मोहाली की डिंपल की उसके ही कार्यालय में उसके पूर्व प्रेमी द्वारा की गई दर्दनाक हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि युवाओं की बिगड़ती मानसिकता का गंभीर संकेत है।

प्रेम एक पवित्र भावना है, जिसमें सम्मान, विश्वास और दूसरे व्यक्ति की स्वतंत्रता का आदर होना चाहिए। यदि कोई रिश्ता किसी कारणवश समाप्त हो जाता है, तो उसे स्वीकार करना परिपक्वता की निशानी है। लेकिन जब कोई व्यक्ति अस्वीकार किए जाने पर हिंसा का रास्ता चुनता है, तो यह उसकी संकीर्ण सोच और मानसिक कमजोरी को दर्शाता है।

जिस इंसान को कभी प्यार किया हो, उसके लिए बुरा सोचना भी गलत माना जाता है, फिर उसे इतनी दर्दनाक मौत देना तो मानवता के विरुद्ध एक घोर पाप है। कोई भी प्रेम इतना स्वार्थी नहीं होना चाहिए कि वह दूसरे की जान लेने पर उतर आए।

समाज, परिवार और शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को भावनात्मक संतुलन, सहनशीलता और रिश्तों में सम्मान का महत्व सिखाएँ। तभी हम एक संवेदनशील और सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकेंगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या पत्नी Husband की Property पर Stay लगवा सकती है ?**

वैवाहिक विवादों में कई बार यह आशंका होती है कि एक पक्ष अपनी property बेच सकता है, transfer कर सकता है, या assets छुपा सकता है। ऐसी स्थिति में अदालत से Stay या Injunction की मांग की जा सकती है।

यदि पत्नी यह दिखा सके कि property बेचने या transfer करने से उसके maintenance, alimony, residence rights, या अन्य कानूनी दावों पर प्रभाव पड़ेगा, तो अदालत परिस्थितियों के अनुसार अस्थायी रोक (temporary stay) लगा सकती है। Court यह देखती है कि क्या prima facie मामला बनता है, क्या वास्तव में नुकसान (irreparable loss) की संभावना है, और क्या interim protection आवश्यक है। हालांकि, केवल matrimonial dispute होने से automatically हर property पर stay नहीं लग जाता। Property ownership, documents, nature of dispute, और legal claim अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि property joint ownership में है या financial contribution का प्रश्न है, तो अदालत उस पहलू को भी ध्यान में रख सकती है। कई लोग यह मान लेते हैं कि शादी के बाद spouse को दूसरे की हर property पर automatic right मिल जाता है, जबकि कानून ownership और legal interest को अलग-अलग तरीके से देखता है।

यह भी जरूरी है कि stay orders सामान्यतः अस्थायी (temporary) होते हैं और अंतिम अधिकारों का निर्णय बाद में evidence के आधार पर किया जाता है।

निष्कर्षः कुछ परिस्थितियों में पत्नी अदालत से property पर temporary stay की मांग कर सकती है, लेकिन यह हर मामले में स्वतः नहीं मिलता। अदालत facts, ownership और संभावित नुकसान को देखकर निर्णय लेती है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए कांग्रेस ने चलाया पौधारोपण अभियान

### जिला प्रधान बलिहार सिंह बल्ली की अगुवाई में लगाए पौधे, बरसात में बड़े स्तर पर हरियाली बढ़ाने का संकल्प

डेराबस्सी/यूटर्न/06 जून। पर्यावरण को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से मोहाली जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस जिला प्रधान बलिहार सिंह बल्ली की अगुवाई में एक गांव में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बलिहार सिंह बल्ली ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामाजिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मौजूद नेताओं और ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व सरपंच के कार्यकाल के दौरान गांव में करीब एक हजार पौधे लगाए गए थे। हालांकि मौसम और अन्य कारणों से कुछ पौधे नष्ट हो गए थे। अब उन खाली स्थानों पर दोबारा नए पौधे लगाए जा रहे हैं ताकि गांव की हरियाली बरकरार रह सके और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास लगातार जारी रहें।

बलिहार सिंह बल्ली ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होते ही पूरे क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा और इसके लिए अभी से योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने लोगों से भी पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। पौधारोपण अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा जगतार सिंह (सेवानिवृत्त रेंज अधिकारी), धर्म सिंह (नंबरदार), लाभ सिंह, सुखमीत सिंह, गुरजोत सिंह, गुरजंत सिंह तथा अभिजोत सिंह सहित कई प्रमुख ग्रामीण मौजूद रहे।



*'पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। पर्यावरण को बचाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण में योगदान देना चाहिए।'*
*— बलिहार सिंह बल्ली, जिला प्रधान, कांग्रेस*

## महामाई के चरणों में सच्ची अरदास है मेरा नया भजन - मनी मिगलानी

लुधियाना/यूटर्न/6 जून। लुधियाना के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं भजन गायक मनी मिगलानी ने अपने नए भजन सुन एक वार माँ को महामाई के चरणों में समर्पित एक सच्ची अरदास बताया। भजन के लॉन्च अवसर पर उन्होंने कहा कि यह उनका 35वां भजन है और इसमें उनकी अटूट श्रद्धा तथा भक्ति की भावना झलकती है। मनी मिगलानी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गायिकी का शौक रहा है और माता चिंतपूर्णी की असीम कृपा से ही वे आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि उनका पहला भजन भी महामाई को ही समर्पित था और आज भी उनकी अधिकांश रचनाएं माता रानी की प्रेरणा से ही लिखी जाती हैं। उन्होंने कहा कि उनके लगभग सभी भजन किसी न किसी सच्ची घटना या जीवन से जुड़ी कहानी पर आधारित होते हैं।



# पंजाब भाजपा कोषाध्यक्ष गुरदेव देबी ने दी नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो को बधाई

## बैठक के दौरान बूथ स्तर तक पार्टी के संगठनात्मक ढाचे को मजबूत करने पर हुई विचार चर्चा

लुधियाना/यूटर्न/06 जून। पंजाब भाजपा के कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने नव-नियुक्त पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो को साथ मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच पार्टी संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। गुरदेव शर्मा देबी ने लुधियाना सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनहित के कार्यो स जनसंर्पक अभियान तथा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट कार्ड प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया। विधानसभा सैंट्रल में भाजपा के



बढ़ते जनाधार , बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों के साथ पार्टी के बढ़ते संवाद की जानकारी भी सांझा की। प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो ने पार्टी कार्यकताओं की मेहनत और संगठन विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करने, युवा वर्ग तथा व्यापारी वर्ग के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचा कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। गुरदेव शर्मा देबी ने प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास व्यक्त किया कि केवल सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पंजाब भाजपा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी और आगामी चुनावों में मजबूत प्रदर्शन करेगी।

# वार्ड 82 के निवासियों को लंबे इंतजार के बाद मिली राहत: पार्षद अरुण शर्मा ने शुरू करवाया आर्य बेकरी व ताजगंज की गलियों का निर्माण कार्य

लुधियाना/यूटर्न/06 जून। वार्ड नंबर 82 के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी समस्या का समाधान करते हुए कांग्रेस पार्षद अरुण शर्मा ने आर्य बेकरी वाली गली तथा उससे सटी ताजगंज क्षेत्र की गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवा दिया। बाबा थान सिंह चौक को गौशाला चौक से जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण गली काफी समय से जर्जर हालत में थी, जिसके कारण स्थानीय लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इलाका निवासियों की लगातार उठ रही मांग को गंभीरता से लेते हुए पार्षद अरुण शर्मा ने मोहल्ला वासियों के साथ निर्माण कार्य की शुरूआत करवाई। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षो से उपेक्षित पड़ी इस समस्या के समाधान से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

वार्डवासियों का कहना है कि कांग्रेस की ओर से पहली बार चुनाव जीतकर पार्षद बने युवा नेता अरुण शर्मा ने मात्र एक वर्ष के भीतर ही वार्ड में विकास कार्यों की नई रफ्तार स्थापित की है। सड़कों, गलियों, सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर उनकी सक्रियता लगातार देखने को मिल रही है। लोगों का मानना



है कि पार्षद अरुण शर्मा न केवल जनता की समस्याओं को सुनते हैं बल्कि उनके समाधान के लिए भी तत्परता से कार्य करते हैं।

इस अवसर पर निगम में विपक्ष के नेता श्याम सुंदर मल्होत्रा, पूर्व पार्षद कैलाश कपूर, राजीव कतना, गोपाल भंडारी, मनजीत सिंह टोनी, परमजीत कपूर (बल्लू), चीमा जी, रज्जत मल्होत्रा, चंदर मोहन बिल्ला, काका सरदाना, सौरव पलटा, विनय बुधिराजा, पवनदीप सिंह मंगी,सनी मग्गन, दर्शन मल्होत्रा, पिंकी कपूर, घनश्याम चोपड़ा, रिंकू दत्त, मिट्ठू तथा पारुल शर्मा,रोहित मल्होत्रा, परमजीत कौर, सोनिया आनंद, नरिंदर कौर, इंद्रजीत कौर, राज रानी, मनजीत कौर, नीना, चांदनी, गीता, उषा, पिंकी, जरनैल सिंह, मेहरबान, हरप्रीत, अशोक कक्कड़, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। पार्षद अरुण शर्मा ने कहा कि आज शुरू हुई इस कार्य पर करीब 25 लाख की लागत आएगी। वार्ड नंबर 82 के विकास और लोगों की सुविधाओं से जुड़े कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में जहां भी विकास कार्यो की आवश्यकता होगी, वहां बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर काम करवाया जाएगा ताकि वार्ड को एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जा सके।

# अवैध निर्माण पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, तीन दुकानें और निमार्णाधीन ढांचा ध्वस्त

लुधियाना/यूटर्न/06 जून। शहर में अवैध निमार्णों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को बरोटा रोड पर बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम के जोन-सी की बिल्डिंग शाखा की टीम ने बिना अनुमति बन रही तीन दुकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही हाई टेंशन बिजली तारों के नीचे किए जा रहे एक अवैध निर्माण को भी गिरा दिया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई निगम आयुक्त डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के निदेर्शो पर की गई। अधिकारियों ने बताया कि संबंधित भवन मालिकों को पहले भी निर्माण कार्य रोकने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्माण जारी रखा गया। नियमों की



अनदेखी किए जाने पर निगम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निमार्णो को हटाया। अधिकारियों ने कहा कि हाई टेंशन तारों के नीचे निर्माण करना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। ऐसे निमार्णों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को भी निगम की टीम ने लोहारा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया था। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का भवन निर्माण शुरू करने से पहले निगम से भवन नक्शा स्वीकृत अवश्य करवाएं। बिना मंजूरी के निर्माण करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन के डिब्बा के हुए दो हिस्से, वैष्णो देवी जा रही थी ट्रेन



लुधियाना/यूटर्न/6 जून। लुधियाना रेलवे स्टेशन पर वैष्णो देवी जा रही ट्रेन में हादसा हो गया। ट्रेन के स्लीपर कोच का टॉयलेट अचानक धमाके जैसी आवाज के साथ टूट गया। जिसके बाद उक्त बाथरुम वाला हिस्सा दो हिस्सों में बंट गया। यह कोच अपने साथ वाले डिब्बे से अलग हो गया। धमाके जैसी आवाज सुनते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गई। वह डिब्बे से बाहर आ गए। खुशकिस्मती की बात ये रही कि जिस वक्त हादसा हुआ, ट्रेन लुधियाना से चली ही थी। अगर हाईस्पीड के दौरान यह हादसा होता तो यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है। न्यू दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल नाम की यह ट्रेन शनिवार तड़के ढाई बजे के बाद नई दिल्ली से वैष्णो देवी के लिए रवाना हुई। सुबह 8.47 बजे पर यह लुधियाना स्टेशन पर पहुंची। 1200 यात्रियों से भरी इस ट्रेन में लुधियाना स्टेशन पर हादसा हो गया।

# श्रद्धांजलि कार्यक्रम से पहले हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक तिवारी नजरबंद

## ब्लू स्टार ऑपरेशन और आतंकवाद के दौर के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का था प्रस्तावित कार्यक्रम



जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। ब्लू स्टार ऑपरेशन और पंजाब में आतंकवाद के दौर में शहीद हुए सुरक्षा बलों के जवानों तथा आम नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक तिवारी को पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक चचाएं तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित कार्यक्रम का उद्देश्य ब्लू स्टार ऑपरेशन के दौरान तथा पंजाब में आतंकवाद के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हुए पंजाब पुलिस, बीएसएफ, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के अधिकारियों एवं जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था। इसके अलावा आतंकवाद के दौर में जान गंवाने वाले हजारों नागरिकों को भी नमन किया जाना था। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जारी पोस्टरों में शहीदों के बलिदान को याद करने और आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष करने वालों को श्रद्धासुमन५ अर्पित करने की बात कही गई थी। कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने अशोक तिवारी को उनके निवास पर नजरबंद कर दिया।

अशोक तिवारी के समर्थकों का आरोप है कि प्रशासन ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की है। समर्थकों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के अधिकार से जुड़ा विषय बताया है। वहीं, प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

यूटर्न टाइम

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एमसी चंडीगढ़ का जागरूकता अभियान, लोगों को दिया 'नो पॉलीथीन' का संदेश








चंडीगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम चंडीगढ़ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सेक्टर-46 स्थित अपनी मंडी में विशेष जन-जागरूकता अभियान आयोजित किया। अभियान का उद्देश्य लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी, नगर निगम के अधिकारी, मंडी के विक्रेता और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने ह्लसे नो टू प्लास्टिकह्व और ह्लआई हेट पॉलीथीनह्व जैसे संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने खरीदारी करने आए लोगों और दुकानदारों से पॉलीथीन का उपयोग बंद कर कपड़े के थैलों को अपनाने की अपील की। संयुक्त आयुक्त बलबीर राज सिंह ने कहा कि शहर के पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने और स्वच्छ एवं हरित चंडीगढ़ के निर्माण के लिए पॉलीथीन बैग पर निर्भरता कम करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। अभियान के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रमुख प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। लोगों को स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण, वैज्ञानिक तरीके से कचरा निस्तारण तथा स्वच्छता अभियानों में सामुदायिक भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# 7,299 रुपये के टीए बिल पर 19 साल चली कानूनी लड़ाई, हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार की अपील खारिज की

अजीत झा.

चंडीगढ़। महज 7,299 रुपये के यात्रा भत्ता (टीए) बिल को लेकर शुरू हुआ विवाद करीब दो दशक तक अदालतों में चलता रहा। आखिरकार पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार की नियमित द्वितीय अपील खारिज करते हुए मामले का पटाक्षेप कर दिया। न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा ने अपने फैसले में कहा कि सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 102 के अनुसार 25 हजार रुपये से कम मूल्य के मूल वादों में नियमित द्वितीय अपील सुनवाई योग्य नहीं होती। चूंकि इस मामले में विवादित राशि केवल 7,299 रुपये थी, इसलिए सरकार की अपील स्वीकार नहीं की जा सकती। मामला रोहतक निवासी ओपी खन्ना द्वारा दायर एक दीवानी मुकदमे से जुड़ा था। खन्ना ने दावा किया था कि दिसंबर 1999 से अप्रैल 2002 के बीच किए गए सरकारी




दौरों के संबंध में उनके 7,299 रुपये के यात्रा भत्ता बिलों का भुगतान लंबित रखा गया। उन्होंने राशि के साथ ब्याज की मांग भी की थी। हरियाणा सरकार ने अदालत में कहा था कि बजट की कमी और कुछ प्रशासनिक आपत्तियों के कारण भुगतान रोका गया था। विभागीय स्तर पर मामले को स्पष्टीकरण और मार्गदर्शन के लिए उच्च अधिकारियों के पास भी भेजा गया था। वर्ष 2006 में रोहतक की निचली अदालत ने खन्ना का दावा खारिज कर दिया था। हालांकि, प्रथम अपीलीय अदालत ने फरवरी 2007 में निचली अदालत का फैसला पलटते हुए खन्ना के पक्ष में निर्णय दिया। इसके बाद हरियाणा सरकार ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान न्याय मित्र अंकुर मित्तल ने अदालत को बताया कि सीपीसी की धारा 102 के तहत 25 हजार रुपये से कम राशि वाले मामलों में दूसरी अपील का प्रावधान नहीं है। अदालत ने इस तर्क से सहमति जताते हुए सरकार की अपील को खारिज कर दिया। फैसले में अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि सरकारी विभाग कई बार बेहद छोटी रकम के मामलों में वर्षों तक मुकदमेबाजी करते रहते हैं, जिससे विवादित राशि से कहीं अधिक धन कानूनी प्रक्रिया पर खर्च हो जाता है। अदालत ने इसे सार्वजनिक संसाधनों और न्यायिक समय के बेहतर उपयोग की आवश्यकता से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की।

# दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की



चंडीगढ़। दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने आज पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली तथा राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से प्रभावी रूप से जोड़ने पर बल दिया गया, ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाई जा सके और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में युवा सशक्तिकरण और कौशल विकास को महत्वपूर्ण आधार स्तंभ बताते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# भिक्षा-मुक्त चंडीगढ़ अभियान में योगदान के लिए कमलजीत सिंह पंछी सम्मानित



चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स चंडीगढ़ के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी को भिक्षा-मुक्त चंडीगढ़ अभियान के सफल संचालन और जन-जागरूकता फैलाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान सेक्टर-31 स्थित पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में उम्मीद फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया। सम्मान प्राप्त करने पर कमलजीत सिंह पंछी ने गर्व व्यक्त करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन, उम्मीद फाउंडेशन और अभियान से जुड़े सभी सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एनएचआरएसीएफ द्वारा चलाया जा रहा अभियान लोगों को ह्लभिखारियों को नकद न देंह्व का संदेश देता है तथा नागरिकों को भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों के पुनर्वास के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रेरित करता है। उनके अनुसार यह पहल चंडीगढ़ को भिक्षावृत्ति-मुक्त, अधिक संवेदनशील और सामाजिक रूप से सशक्त शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पंछी ने यह सम्मान एनएचआरएसीएफ की पूरी टीम को समर्पित करते हुए कहा कि अभियान की सफलता टीम के समर्पण, सामूहिक प्रयासों और निःस्वार्थ सेवा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन के सदस्य भविष्य में भी समाज में सकारात्मक और सार्थक बदलाव लाने के लिए इसी तरह कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति जैसी सामाजिक समस्या के समाधान के लिए केवल जागरूकता ही नहीं, बल्कि पुनर्वास और सामुदायिक सहयोग भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ संगठन लगातार जनहित के अभियानों को आगे बढ़ा रहा है।

# एचडीसीए का क्रिकेट समर कैंप 8 से 25 जून तक: डा. रमन घई

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 जून। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा हर साल की तरह इस साल भी बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने के लिए समर प्रशिक्षण कैंप का आयोजन 8 जून से 25 जून किया जा रहा है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि इस कैंप में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी 8 जून तक एचडीसीए मैदान, रेलवे मंडी (गवर्नमेंट कालेज ग्राउंड) में अपना नाम दर्ज करवा सकते है। उन्होंनें बताया कि इस कैंप में राष्ट्रीय स्तरीय कोचों व ट्रेनरों की देखरेख में बच्चों को क्रिकेट की बारीकियों के साथ-साथ उनकी फिटनेस पर भी काम करवाया जायेगा। डा. घई ने बताया कि एचडीसीए के इस समर कैंप की समाप्ति पर बच्चों की टीमें बनाकर समर कैंप कप के अंतर्गत इनके मैच करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कैंप में भाग लेने वाले सभी रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट के साथ-साथ उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एचडीसीए अध्यक्ष डा. दलजीत खेला ने जिले के बच्चों से कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लेने और मेहनत के बल पर उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने का आह्वान किया। एचडीसीए टूर्नामेंट कमेटी चेयरमैन डा. पंकज शिव, विवेक साहनी, ठाकुर योगराज ने बताया कि इस कैंप में खिलाड़ी एक अच्छे खिलाड़ी के रुप में अपने आप को साबित कर सकते है। एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि जिला कोच दलजीत सिंह, जिला ट्रेनर व पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी कुलदीप धामी, परवीन चिंटू, पंकज पिंका, दिनेश शर्मा, जिला महिला कोच दविंदर कल्याण, सहायक कोच निकिता कुमारी की देखरेख मे बच्चों को विशेष प्रशिक्षण व फिटनेस के प्रति विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि समर कैंप प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।



# मां के बॉयफ्रेंड ने कर डाली बेटी की हत्या, फिर लाश सूटकेस में डालकर जंगल में फेंकी

पंजाब/यूटर्न/6 जून। होशियारपुर के जंगल में सूटकेस से 14 वर्षीय लड़की का जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। जांच में सामने आया कि युवती की हत्या उसकी मां के लिव-इन पार्टनर ने की थी। आरोपी का दावा है कि उसे लड़की का लड़कों से मिलना-जुलना पसंद नहीं था। वह जब उसे इस बात को लेकर रोकता-टोकता था तो लड़की उसकी मां के साथ उसके रिश्ते की बात सबको बताने की धमकी देती थी।

इसी से नाराज होकर आरोपी ने पहले गला घोंटकर हत्या की, फिर शव को सूटकेस में पैक कर खुरालगढ़ के जंगल में ले जाकर जला दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी और मृतका की मां पिछले दो साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। आरोपी ने पूछताछ में हत्या की बात कबूल कर ली है। युवती की मां ऊषा ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी बेटी राधिका को कोई युवक बहला-फुसलाकर ले गया है। वह 10वीं क्लास में पढ़ती थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और संदिग्ध युवकों से पूछताछ की।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी


मृतक राधिका की फाइल फोटो

### दो साल थे संबंध

नवांशहर थाना सिटी के प्रभारी अवतार सिंह ने बताया कि एसबीएस नगर के गांव जाडली का रहने वाला गुरविंदर सिंह और मृतका की मां ऊषा पिछले दो साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। गुरविंदर की उम्र अभी 23 साल है और लड़की की मां की उम्र 32 साल के करीब है। महिला तलाकशुदा है। आरोपी दुबई से लौटने के बाद महिला के संपर्क में आया था। दोनों नवांशहर में किराए के मकान में साथ रह रहे थे।

### विरोध करती थी लड़की

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे युवती का लड़कों से मिलना-जुलना पसंद नहीं था। वह उसे इस बात को लेकर टोकता था। आरोपी ने बताया कि कि युवती उसे धमकी देती थी कि वह उसकी मां के साथ उसके रिश्ते की बात सबको बता देगी। पुलिस जांच में सामने आया कि 29 मई को आरोपी ने पहले अपनी लिव-इन पार्टनर को राहों जाने वाली बस में बैठाया। इसके बाद वह किराए के कमरे में लौट आया।

# मुकदमे की फाइल ईशान कोण में ही रखें-डॉ भूपेंद्र वास्तुशास्त्री

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/06 जून। हमारे द्वारा निर्मित भवन केवल ईंट पथर सरियों से बनी एक असाधारण इमारत नहीं बल्कि हमारे जीवन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, शारीरिक, आर्थिक, मानसिक, न्यायायीक पहलू पर आधारित एक वैदिक,वैज्ञानिक सूक्ष्म ऊर्जा का विज्ञान है ऐसा मानना है अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वास्तुविद एवं लेखक डॉ भूपेन्द्र वास्तुशास्त्री का ।वास्तु में दिशाओं के साथ कोणों को अति महत्वपूर्ण माना गया है ।इसमें ईशान कोण को बुद्धि,विवेक ,सत्य एवं न्याय का प्रतीक माना गया है । आग्नेय कोण को विवाद,अलगाव,क्रोध ,तनाव एवं फसाद का प्रतीक माना गया है ।नैरीत्य कोण को,कलह कलेश,ऋण,रहस्मयों का कारक,लड़ाई झगड़े का प्रतीक माना गया है । वायव्य कोण को दुश्मनी,सामाजिक मतभेद,ऋण,स्थान परिवर्तन का प्रतीक माना गया है ।इन प्रतिकात्मक सिद्धांत के अनुसार किसी भी प्रकार का कोई मुकदमा,फाइल्स,दस्तावेज ईशान कोण में रखने से न्याय की उम्मीद बढ़ जाती है जो सही होगा वही निर्णय प्राप्त होगा । हमारे कार्यालय या घर में रखी फाइल्स मामूली कागजों के टुकड़े नहीं होते वे हमारे मानसिक और ऊर्जा को प्रभावित करती हैं ।ईशान कोण के अलावा किसी भी स्थान पर जहाँ तहाँ अव्यवस्थित तरीके से रखी फाइल्स आपके जीवन में नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं । न्यायालय फाइल्स के साथ कभी भी चेक बुक,एटीएम कार्ड,डेबिट कार्ड,क्रेडिट कार्ड,पासपोर्ट ,अंक तालिका आदि को नहीं रखना चाहिए ।सभी प्रकार की फाइल्स को लकड़ी की अलमारी,संदूक आदि में सुव्यवस्थित रखनी चाहिए ।



# विकसित भारत@2047 के लिए नवाचार और तकनीक आधारित नेतृत्व जरूरी : उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू

नई दिल्ली/मोहाली/यूटर्न/06 जून। नई दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), मोहाली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में पेशेवरों के साथ संवाद करते हुए बदलते वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज के जटिल और परस्पर जुड़े विश्व में प्रभावी नेतृत्व के लिए संवाद, सहमति निर्माण और मजबूत वार्ता कौशल बेहद आवश्यक हैं।

अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने कहा कि विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताओं में संतुलन बनाने और दीर्घकालिक एवं सतत परिणाम हासिल करने के लिए नेतृत्व क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



उन्होंने शासन और लोक प्रशासन के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सफल नेतृत्व के लिए दूरदर्शी सोच, परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता तथा सहयोग और विश्वास का वातावरण विकसित करना जरूरी है।

उन्होंने आधुनिक नेतृत्व को आकार देने में नवाचार और प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उपराज्यपाल ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन, डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया और उभरती तकनीकों के इस दौर में नवाचार प्रभावी नेतृत्व का अभिन्न आधार बन चुका है।

उन्होंने इन विचारों को विकसित भारत@2047 के विजन से जोड़ते हुए प्रतिभागियों को तकनीक के प्रभावी उपयोग, नवाचार को बढ़ावा देने और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप नेतृत्व कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पेशेवर और नेतृत्वकर्ता भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों और उपराज्यपाल के बीच नेतृत्व, तकनीकी प्रगति तथा व्यावसायिक एवं सार्वजनिक जीवन में उभरती चुनौतियों और अवसरों पर सार्थक चर्चा एवं विचार-विमर्श भी हुआ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जीरकपुर में चला स्वच्छता और हरियाली अभियान

## दुकानदारों व स्थानीय निवासियों को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त वातावरण और पेड़ों के संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक





जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुकार एनजीओ ने नगर परिषद जीरकपुर, स्वच्छ भारत मिशन और ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी के सहयोग से लोहगढ़ मार्केट स्थित एम.सी. पार्क के निकट एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया। अभियान के दौरान दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को दुकानों पर डस्टबिन रखने, दुकान बंद होने के बाद कूड़ा न फैलाने, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पेड़ों के बेहतर विकास के लिए पुराने ट्री गार्ड हटाने और डी-कंक्रीटीकरण के महत्व की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 21 के पार्षद गुरिंदर सिंह रंगी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पुकार एनजीओ की ओर से शिवानी रैना, हरनूर और अनन्या, ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी से सुमित और के.के. सोनी, स्वच्छ भारत मिशन से सी.एफ. सुखविंदर देओल, एस.आई. मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल जीरकपुर के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# पीजीआई में ऑपरेशन का संकट: तीन ओटी बंद होने से सर्जरी क्षमता घटी, मरीजों की बढ़ी परेशानी



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। देशभर से गंभीर बीमारियों का इलाज कराने आने वाले मरीजों के लिए पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) में इन दिनों ऑपरेशन करवाना चुनौती बनता जा रहा है। नेहरू अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर स्थित न्यूरोसर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी और गायनी विभाग की तीन ऑपरेशन थिएटर (ओटी) रेनोवेशन के कारण बंद होने से सर्जरी सेवाएं प्रभावित हुई हैं और मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

### आठ टेबल से घटकर चार पर आया काम

जानकारी के अनुसार पांचवीं मंजिल की तीन ओटी में कुल आठ ऑपरेशन टेबल उपलब्ध थीं, जहां सामान्य दिनों में प्रतिदिन 35 से 40 सर्जरी की जाती थीं। रेनोवेशन कार्य शुरू होने के बाद इन विभागों को चौथी मंजिल की ओटी में शिफ्ट किया गया है, जहां केवल चार टेबल उपलब्ध हैं। इससे प्रतिदिन होने वाली सर्जरियों की संख्या घटकर लगभग 10 से 12 रह गई है। न्यूरोसर्जरी विभाग को सप्ताह में केवल दो दिन दो टेबल मिल रही हैं, जबकि शेष दिनों में तीनों विभागों को एक-एक टेबल पर ही काम करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर सर्जरी की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों पर पड़ रहा है।

### बार-बार ओपीडी बुलाए जा रहे मरीज

मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन की निश्चित तारीख देने के बजाय उन्हें अगली ओपीडी में आने के लिए कहा जा रहा है। इससे दूर-दराज राज्यों से आने वाले मरीजों को बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। हरियाणा के जींद की एक 36 वर्षीय महिला, जिसे गायनी विभाग में सर्जरी की सलाह दी गई थी, के परिजनों का कहना है कि हर जांच और फॉलोअप के बाद उन्हें कुछ और समय इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। परिवार का कहना है कि निजी अस्पताल में इलाज का खर्च उठाना संभव नहीं है, इसलिए वे पीजीआई में सर्जरी की तारीख मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

### छुट्टियों में राहत के दावे पर उठे सवाल

पीजीआई प्रशासन ने गर्मी की छुट्टियों से पहले दावा किया था कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और इसी आधार पर ओटी रेनोवेशन को मंजूरी दी गई थी। हालांकि तीन ओटी बंद होने से सर्जरी क्षमता में भारी कमी आई है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों की चिंता बढ़ गई है। मरीजों का कहना है कि ओपीडी में मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तरह बनी हुई है, लेकिन ऑपरेशन की गति धीमी पड़ने से गंभीर मामलों में भी प्रतीक्षा अवधि बढ़ रही है।

### एक महीने में पूरा होगा रेनोवेशन: पीजीआई

पीजीआई के प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी मरीज की सर्जरी रद्द नहीं की गई है। फैकल्टी और संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए ओटी रेनोवेशन की अनुमति दी गई है। यह वार्षिक रखरखाव प्रक्रिया का हिस्सा है और इसके लगभग एक महीने में पूरा होने की उम्मीद है।

प्रवक्ता के अनुसार गर्मी की छुट्टियों के दौरान मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहने के कारण इस अवधि को रेनोवेशन के लिए चुना गया था, ताकि नियमित सेवाओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़े। हालांकि मरीजों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में सर्जरी की प्रतीक्षा अवधि लगातार बढ़ रही है, जिससे उनकी चिंता और परेशानी दोनों बढ़ गई हैं।

# दो दर्जन गांवों के लोगों को मिली सीटीयू बस सुविधा

## अंबाला-चंडीगढ़ रूट पर बस रुकने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों और महिलाओं को बड़ी राहत





लालड़ू/यूटर्न/06 जून। हल्का डेराबस्सी के नगर कौंसिल लालड़ू क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को अंबाला से चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से अंबाला आने-जाने के लिए सीटीयू बस सुविधा मिल गई है। इस सुविधा की शुरूआत गांव झरमड़ी के बस स्टॉप से की गई। बीते दिनों क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी समस्या सांसद सतनाम सिंह संधू के समक्ष रखी थी। उनके प्रयासों और भाजपा नेता मनप्रीत बन्नी संधू की मेहनत से ग्रामीणों को यह सुविधा उपलब्ध हुई।

बस सुविधा शुरू होने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मनप्रीत बन्नी संधू और भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद किया। मनप्रीत बन्नी संधू ने बस में बैठकर लोगों को सुविधा की बधाई दी और सांसद सतनाम सिंह संधू, हल्का प्रभारी परविंदर बराड़, सीटीयू प्रबंधन और ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा से स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों, महिलाओं और रोजाना चंडीगढ़-अंबाला जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीणों के अनुसार पहले चंडीगढ़ आने-जाने में 200 से 300 रुपये तक खर्च होते थे, जबकि अब सीटीयू बस का किराया करीब 70 रुपये होगा। इससे लोगों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता रविंद्र वैष्णव, कमलजीत सिंह, हरनेक सिंह लंबरदार, राधेश्याम, बंटी शर्मा, पवन धीमान, पवन दीवान, कुमार, मक्खन सिंह, रिंकू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 'बहन होगी तेरी' पोस्टर विवाद में राजकुमार राव को हाईकोर्ट से राहत, 9 साल पुरानी एफआईआर रद्द





चंडीगढ़/यूटर्न/06 जून। फिल्म बहन होगी तेरी के प्रचार पोस्टर को लेकर अभिनेता राजकुमार राव के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला आखिरकार समाप्त हो गया। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने वर्ष 2017 में दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड में धार्मिक भावनाएं आहत करने की जानबूझकर की गई मंशा का कोई प्रमाण नहीं है। मामला फिल्म के एक प्रचार पोस्टर से जुड़ा था, जिसमें राजकुमार राव भगवान शिव के स्वरूप में मोटरसाइकिल पर बैठे दिखाई दिए थे। पोस्टर जारी होने के बाद जालंधर में शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया गया था कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत के आधार पर अभिनेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि किसी फिल्मी पात्र को भगवान शिव के रूप में प्रस्तुत करना मात्र अपने आप में आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने यह भी माना कि किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने के लिए दुर्भावनापूर्ण इरादे और धार्मिक भावनाएं भड़काने की स्पष्ट मंशा का होना आवश्यक है, जो इस मामले में दिखाई नहीं देती। याचिका में राजकुमार राव ने दलील दी थी कि उन्होंने फिल्म की कहानी और अपने किरदार की मांग के अनुसार अभिनय किया था। फिल्म में उनका पात्र जागरण मंडली से जुड़ा हुआ था और कथानक के अनुसार कई अवसरों पर भगवान शिव का स्वरूप धारण करता है। विवादित पोस्टर भी उसी किरदार और फिल्म के दृश्य का हिस्सा था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कलात्मक और रचनात्मक अभिव्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत संरक्षण प्राप्त है। चूंकि मामले में किसी अपराध के आवश्यक तत्व स्थापित नहीं होते, इसलिए एफआईआर और उससे संबंधित सभी आपराधिक कार्यवाहियों को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं बनता। हाईकोर्ट के इस फैसले के साथ ही अभिनेता के खिलाफ लगभग नौ वर्षों से लंबित कानूनी विवाद समाप्त हो गया है।

# कचरा ढोने वाली ट्रॉलियों से सड़कों पर पसर रही गंदगी, प्रशासन ने दी सख्त चेतावनी



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न6/जून। शहर में कचरे से तैयार मलबे (रीसाइक्ल्ड वेस्ट) को ढोने वाली ट्रॉलियों के कारण आम जनता का जीना दूभर हो गया है। भाद्रकाली मंदिर के निकट स्थित डंपिंग साइट से कचरा प्रोसेस कर तैयार किए गए मलबे को ले जाने वाली ट्रॉलियां खुलेआम सड़कों पर गंदगी फैला रही हैं। वॉर्ड नंबर 9, 10 और 11 से गुजरने वाली ये ट्रॉलियां बिना किसी सुरक्षा कवच या तिरपाल के चलती हैं, जिससे मलबा बीच रास्ते में गिरता रहता है और पूरे इलाके में भीषण बदबू फैल जाती है।

**आमजन परेशान: स्थानीय पार्षद ने जताई आपत्ति...** इस समस्या से परेशान स्थानीय निवासियों ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। वॉर्ड नंबर 11 के पार्षद गुरप्रीत सिंह 'नोनी' ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमारा लक्ष्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, न कि गंदगी फैलाकर बीमारियों को न्योता देना।

यूटर्न टाइम

# सुषमा वैलेंसिया के सैकड़ों परिवारों को हाईकोर्ट से राहत

जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। सुषमा वैलेंसिया अपार्टमेंट्स के सैकड़ों परिवारों को बड़ी राहत देते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) को निर्देश दिया है कि प्रत्येक निवासी से सामान्य शुल्क के साथ 20 हजार रुपये जमा कराकर अगली सुनवाई तक अस्थायी बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। यह आदेश सुषमा वैलेंसिया अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने अदालत को बताया कि परियोजना के डेवलपर सुषमा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कथित रूप से फरार हैं और प्रोजेक्ट अधूरा छोड़ चुके हैं। इसके चलते 500 से अधिक परिवार नियमित बिजली सुविधा से वंचित हैं और लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं। सुनवाई के दौरान पीएसपीसीएल ने अदालत को बताया कि यदि एसोसिएशन के सदस्य 4.44 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि जमा करने को तैयार हों तो बिजली कनेक्शन दिए जा सकते हैं। इस पर याचिकाकर्ता पक्ष ने दलील दी कि उक्त राशि की देनदारी बिल्डर की है और निवासियों को इसका भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि परियोजना में कुल 900 फ्लैट प्रस्तावित हैं, जिनमें से करीब 700 का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें 125 फ्लैटों को पहले से बिजली आपूर्ति मिल रही है, जबकि शेष सैकड़ों परिवार अभी भी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रशासनिक व्यवस्था की विफलता का खामियाजा आम नागरिकों को नहीं भुगतना चाहिए। अदालत ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को नियमित बिजली जैसी आवश्यक सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि लोग अपनी जीवनभर की कमाई घर खरीदने में लगाते हैं और बिल्डरों द्वारा परियोजनाएं अधूरी छोड़ देना गंभीर चिंता का विषय है। हाईकोर्ट ने पीएसपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी को जीएमएडीए और अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान तलाशने के निर्देश दिए हैं।

# लापता एनआरआई की संपत्ति विवाद में हत्या, आरोपी भाई गिरफ्तार; हिमाचल पुलिस को थी तलाश



अमृतसर/यूटर्न/6 जून। अमृतसर में ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले 66 साल के सुनील शर्मा की हत्या हो गई है। वे कुछ समय के लिए पंजाब आए थे और 22 मई से लापता थे। वे अपने घर की देखरेख और पेंटिंग के काम के लिए यहां पहुंचे थे, लेकिन उसके बाद से उनका मोबाइल बंद हो गया और वे लापता हो गए। परिवार ने उनकी काफी तलाश की और पुलिस से मदद की अपील भी की थी। उनकी बेटी ने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री से भावुक अपील की थी कि उनके पिता को जल्द से जल्द ढूंढा जाए। पहले यह मामला गुमशुदगी का था, फिर इसे अपहरण के केस में बदल दिया गया।

# जालंधर में फायरिंग में युवक की मौत, एसएचओ बोले - भीड़ ने गोली चलाई, क्रॉस फायर में मारा गया

## मृतक युवक के परिजन का आरोप, पुलिस ने बाथरूम में गोली मारी



जालंधर/यूटर्न/6 जून। जालंधर में अटेंप्ट टू मर्डर केस का आरोपी देर रात गोली लगने से मारा गया। मेहतपुर थाना पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए उसके घर पहुंची थी। पुलिस का दावा है कि आरोपी को सरेंडर करने के लिए कहा गया, लेकिन इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस के अनुसार भीड़ की तरफ से गोली चलाई गई, जिसके जवाब में पुलिस ने क्रॉस फायरिंग की। इस दौरान आरोपी को गोली लग गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। वहीं, मृतक के परिजनों का आरोप है कि वह उस समय बाथरूम में था। पुलिस ने पीछे से गोलियां चलाईं। दो गोलियां उसकी जांघ के ऊपरी हिस्से में लगीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मेहतपुर निवासी लवप्रीत उर्फ लवी के रूप में हुई है।

**भीड़ ने हाथापाई की, गोली चलने की आवाज आई...** पुलिस को सूचना मिली थी कि लवप्रीत उर्फ लवी अपने घर आया हुआ है। इसके बाद मेहतपुर के एसएचओ अमन सैनी पुलिस टीम के साथ गांव बंगीवाल पहुंचे। इस दौरान पुलिस और आरोपी के परिजनों में झड़प हो गई।

आरोपी ने भागने का प्रयास किया। इस बीच कहीं से आरोपी लवप्रीत को गोली लग गई। पुलिस के अनुसार, विवाद के दौरान भीड़ ने हाथापाई की और मौके पर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में दो राउंड फायर किए। इस दौरान एक गोली लवप्रीत की टांग में लग गई। जिससे मौत हो गई।

# प्रज्ञा जायसवाल का ग्लैमरस अंदाज बना चर्चा का विषय


प्रज्ञा जायसवाल

मुंबई/यूटर्न/06 जून। अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल एक बार फिर अपने लेटेस्ट फोटोशूट को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। स्टाइलिश आउटफिट और आत्मविश्वास से भरे अंदाज में नजर आई प्रज्ञा ने अपने फैशन सेंस से एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। तस्वीरों में उनका ग्लैमरस लुक चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और फिटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे। कई यूजर्स ने उन्हें स्टाइल आइकन और ग्लैमर क्वीन तक बताया है। प्रज्ञा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने फोटोशूट व प्रोफेशनल अपडेट्स फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। उनकी यह नई तस्वीरें भी इंटरनेट पर खूब पसंद की जा रही हैं। इन तस्वीरों के वायरल होने के बाद एक बार फिर प्रज्ञा जायसवाल मनोरंजन जगत की चर्चित हस्तियों में शामिल हो गई हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सड़क सुरक्षा फोर्स जीरकपुर की अनोखी पहल

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा फोर्स जीरकपुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया।

इस अभियान का नेतृत्व सड़क सुरक्षा फोर्स जीरकपुर के इंचार्ज सुनील कुमार ने अपनी टीम के साथ किया।

सुनील कुमार ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और लगातार बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन को देखते हुए पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं।

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।

इसी सोच के साथ उनकी टीम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर समाज को हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया है। सड़क सुरक्षा फोर्स की इस पहल को स्थानीय लोगों ने भी खूब सराहा और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया। लोगों ने उम्मीद जताई कि ऐसे प्रयासों से अधिक से अधिक नागरिक पौधारोपण अभियान से जुड़ेंगे और पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान देंगे।

# अमेरिका के सिखों ने संगरूर के रूपाहेड़ी गांव में जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट करने का अभियान शुरू किया

## हमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है - अध्यक्ष 'जस्सी'

नवीन गोगना

न्यूयॉर्क/यूटर्न/06 जून। अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवा संगठन सिख्स ऑफ अमेरिका अध्यक्ष जसदीप सिंह जस्सी के नेतृत्व में समय-समय पर सामाजिक कार्य करता रहता है। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अमेरिका के सिखों ने पंजाब के संगरूर जिले के रूपाहेड़ी गांव में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें विधवाओं और बेरोजगार महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी गई. सिलाई मशीनें बांटने की जिम्मेदारी मंजीत कौर, महिंदर सिंह, गुरदीप सिंह, रणजीत सिंह, मोहम्मद सुलेमान, शनि कुमार, अभिषेक और मेजर सिंह की रही।




उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष कंवलजीत सिंह सोनी, उपाध्यक्ष बलजिंदर सिंह शम्मी और अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक वीरिंदर सिंह सहित निदेशक मंडल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जिन महिलाओं को सिलाई मशीनें मिलीं, उनके चेहरे पर खुशी दिखी और उन्होंने इस पहल के लिए अमेरिका के सिखों को धन्यवाद दिया। एसः सिख्स ऑफ अमेरिका के चेयरमैन जसदीप सिंह जस्सी ने कहा कि हमारा मकसद महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है. जिस समाज में महिलाएं खुश रहती हैं वह समाज सदैव ऊंचाइयों को छूता है।

उन्होंने कहा कि वह आगे भी ऐसी सेवा करते रहेंगे. उन्होंने कहा कि अमेरिका के सिखों ने रूपाहेड़ी गांव से सिलाई मशीनें बांटने का अभियान शुरू किया है जो पंजाब के अन्य गांवों तक भी पहुंचेगा. यहां बता दें कि अमेरिका के सिख हमेशा से सामाजिक कार्यों के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पीड़ितों की मदद करते रहे हैं।

# तरुण चुग ने राज्यसभा चुनाव के लिए भरा नामांकन

भोपाल/यूटर्न/06 जून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं मध्यप्रदेश से राज्यसभा प्रत्याशी तरुण चुग ने शनिवार को मध्यप्रदेश विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, मंत्रीगण, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का



माहौल देखने को मिला। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने तरुण चुग को शुभकामनाएं देते हुए उनकी जीत की कामना की। इस मौके पर तरुण चुग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से उनका पुराना जुड़ाव रहा है और यहां का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव की बात है।

चुग ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की शक्ति से संचालित संगठन है, जहां समर्पण और निष्ठा को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्यसभा में उन्हें जो भी दायित्व मिलेगा, उसका निर्वहन राष्ट्रहित, जनसेवा और संगठन के मूल्यों के अनुरूप पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ करेंगे।

# रामलीला ग्राउंड के पास युवक का कथित गांजा पीने का वीडियो वायरल

## लोगों ने उठाए नशा नियंत्रण और पुलिस गश्त पर सवाल, जांच के बाद कार्रवाई की बात

जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। बलटाना स्थित रामलीला ग्राउंड के पास एक युवक का कथित तौर पर गांजा पीने की तैयारी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में एक युवक हाथ में संदिग्ध नशीला पदार्थ लिए दिखाई दे रहा है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है।

निवासियों का कहना है कि एक ओर पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाने और तस्करों पर कार्रवाई करने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की घटनाएं नशा नियंत्रण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। लोगों का आरोप



### क्या बोले चौकी इंचार्ज

मैं मामले को वेरीफाई कर लेता हूं। उसके पश्चात उक्त व्यक्ति के खिलाफ कानून के हिसाब से बनती कार्रवाई की जाएगी।

– हरजिंदर सिंह, चौकी इंचार्ज, बलटाना

है कि जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों में नशे की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा युवक वास्तव में नशीले पदार्थ का सेवन करने की तैयारी कर रहा था तो यह गंभीर मामला है। उन्होंने मांग की है कि वीडियो की जांच कर युवक की पहचान की जाए और यह पता लगाया जाए कि उसे नशीला पदार्थ कहां से प्राप्त हुआ। साथ ही क्षेत्र में नशा बेचने वालों और सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए। उल्लेखनीय है कि पंजाब पुलिस प्रदेशभर में ₹युद्ध नशों के विरुद्ध₹ अभियान चला रही है। इसके बावजूद समय-समय पर सामने आने वाली ऐसी घटनाएं लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं।

# चंडीगढ़ से शराब लाकर पंजाब में बेचने जा रहा युवक गिरफ्तार



जीरकपुर/यूटर्न/06 जून। एक्साइज विभाग और जीरकपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने चंडीगढ़ से अवैध रूप से शराब लाकर जीरकपुर व डेराबस्सी क्षेत्र में सप्लाई करने की कोशिश कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 36 बोतल शराब और एक कार बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह अपनी टीम के साथ शुक्रवार रात अंबाला रोड पर शराब तस्करी रोकने के लिए नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक ग्रे रंग की मारुति ब्रेजा कार में चंडीगढ़ से शराब लाकर क्षेत्र में अवैध रूप से बेची जा रही है।

सूचना के आधार पर टीम ने संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान कार की डिक्की से शराब के तीन बॉक्स बरामद हुए। इनमें रॉयल स्टैग ब्रांड की 24 बोतलें और देसी टैंगो ऑरेंज ब्रांड की 12 बोतलें शामिल थीं। सभी बोतलों पर ₹फॉर सेल इन चंडीगढ़ ओनली₹ अंकित था, जिससे स्पष्ट हुआ कि शराब पंजाब में बिक्री के लिए अधिकृत नहीं थी। पुलिस ने वाहन चालक की पहचान प्रकाश तिवारी निवासी लालडू मंडी, जिला मोहाली के रूप में की। आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लेकर वाहन समेत थाना जीरकपुर ले जाया गया। एक्साइज इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह की शिकायत पर जीरकपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पंजाब एक्साइज अधिनियम की धारा 61(1)(14) और 78(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बरामद शराब और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी शराब किसे सप्लाई करने जा रहा था और इस धंधे में उसके साथ अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं।

# पारिवारिक रंजिश के चलते चाचा के साथ मारपीट, तीन भतीजो पर मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/जून। जगरांव सिटी पुलिस ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



पुलिस को दी शिकायत में आसमानी मोहल्ला जगरांव के निवासी रविंदर कुमार सभरवाल उर्फ नीटा पुत्र स्व. सोहन लाल सभरवाल ने बताया कि वह अपनी दुकान के काम से जा रहा था तो मोहित सभरवाल पुत्र रविंदर कुमार, शानू सभरवाल पुत्र विजय अश्वनी सभरवाल और सनी सभरवाल पुत्र संजीव कुमार ने उन्हें रोक लिया और गाली गलोच करते हुए मारपीट के साथ उसे जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। धक्का-मुक्की के दौरान रविंदर कुमार सड़क पर गिर गए, जिससे उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चाचा से मारपीट करने वाले तीनों भतीजो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372